एक नजर

कुख्यात बदमाश निप्पी उर्फ नितेश पर रासुका

इंदौर। आजादनगर थाना क्षेत्र के कुख्यात बदमाश के खिलाफ प्रशासन ने रासुका की कार्रवाई की है। उसे केंद्रीय जेल इंदौर निरुद्ध करने हेतु वारंट जारी किया गया है। आजाद नगर थाना प्रभारी मनीष डावर द्वारा क्षेत्र के कुख्यात बदमाश निप्पी उर्फ नितेश पिता कैलाश सिंदू (28) निवासी मदीना नगर आजाद नगर को राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया गया है। आरोपी निप्पी उर्फ नितेश शातिर व कुख्यात बदमाश केयर, लगातार आपराधिक गतिविधियों को अंजाम दे रहा था। उसके विरुद्ध हत्या, हत्या का प्रयास, मारपीट, अवैध वसूली, अवैध शराब बेचना व अवैध शस्त्र रखना आदि जैसे 14 आपराधिक प्रकरण दर्ज होकर न्यायालय में विचाराधीन है। पुलिस द्वारा इसके विरुद्ध लगातार प्रतिबंधात्मक कार्रवाई भी की गई है, लेकिन इसकी गतिविधियों में कोई सुधार नहीं आया। इस पर उसके विरुद्ध रासुका की कार्रवाही हेतु प्रकरण जिला दण्डाधिकारी को भेजा गया था। विचारण पश्चात दंडाधिकारी द्वारा उक्त बदमाश को राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत निरुद्ध करते हुए केन्द्रीय जेल इंदौर में परिरुद्ध रखने का आदेश दिया है, जिसके परिपालन में बदमाश को गिरफ्तार कर केंद्रीय जेल इंदौर में निरुद्ध करना गया।

कार डेकोर कारोबारी के साथ 8 लाख की धोखाधड़ी

इंदौर। माल भेजने के नाम पर एक कार डेकोर लगाने के साथ बदमाश द्वारा 8 लाख रुपए की धोखाधड़ी को अंजाम दिया गया है। आरोपी ने तीन साल पहले फरियादी से कार डेकोर का माल भेजने के बदले 8 लाख रुपए लिए थे। धोखेबाज ने आज तक ना तो फरियादी को माल भेजा और ना ही उसके रुपए लौटाए। मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी। विजय नगर पुलिस के अनुसार, स्कीम नंबर 54 में कार डेकोरेशन की दुकान के संचालक पुष्पेंद्र वर्मा ने तैपाई नगर में रहने वाले आरोपी पुष्पेन्द्र राजपूतवाला के खिलाफ धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में फरियादी ने बताया था कि आरोपी ने तीन साल पहले माल सप्लाई करने का झांसा देकर उससे 8 लाख रुपए ले लिए थे। लेकिन आरोपी ने माल नहीं पहुंचाया। इस संबंध में फिरयादी ने कई बार आरोपी से माल देने या रुपए लौटाने को कहा लेकिन आरोपी ने दोनों बातों से ही इंकार कर दिया। फरियादी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है।

वृद्धा की 2 घंटे में दो बार बायपास सर्जरी के बाद मौत

लाश के लिए अस्पताल प्रबंधन ने मांगे 50 हजार रुपए

इंदौर,(नप्र)। सीएचएल अपोलो अस्पताल की लापरवाही एक बार फिर सामने आएगी जिसमें बाईपास सर्जरी के लिए वृद्धा के परिजनों से 1लाख 7000 वसूले और 2 घंटे में एक के बाद एक दो मर्तबा बायपास सर्जरी कर दी जिसके बाद उसकी तबीयत बिगाड़ी औरउसकी मौत हो गई । अब परिजनों से बॉडी देने के लिए 50,000 की मांग की जा रही है।

जानकारी के अनुसार महू में रहने वाली शांति बाई 71 वर्षीय को परिजन 15 जुलाई को सीएचएल अपोलो अस्पताल में लेकर पहुंचे थे जहां उन्हें हार्ट प्रॉब्लम के चलते बायपास सर्जरी करने के लिए कहा गया । ऑपरेशन दो घंटे का कहा गया था लेकिन ऑपरेशन रात तक चला। रात को पता चला कि वृद्धा की दो बार बायपास सर्जरी की गई है । मंगलवार दोपहर को तबीयत बिगड़ने के बाद उसकी मौत हो गई । जबकि परिजन कुछ देर पहले ही आईसीयू में उससे मिल कर आए थे। मौत की खबर के बाद जब परिजन आक्रोशित हो गए तो अस्पताल प्रबंधन ने उनके सामने 50, 000 रुपए का और बिल थमा दिया । रुपए नहीं देने पर बॉडी नहीं देने के लिए कहा गया। इलाज के नाम पर लुटे गए मरीज के परिजन आप वृद्धा की बॉडी घर ले जाने के लिए परेशान हो रहे हैं लेकिन अस्पताल प्रबंधन अपनी हठधर्मिता से पीछे हटने का नाम नहीं ले रहा है।

युवक की मौत में नहीं हुआ खुलासा

तीन दिन पहले युवक की मौत का मामला अभी भी रहस्यमयी बना हुआ है। कल जब परिवार के बयान हुए तो कहानी साफ नहीं हुई, जिसके कारण पुलिस अभी किसी नतीजे पर नहीं पहुंच पाई है। बंगाली कालोनी के पास सूरज नगर में रहने वाले आनंद मेहरा (21) की लाश नीचे पड़ी मिली थी। बहन दिपीका और बुआ ममता जब मौके पर पहुंचीं तो उन्हें पता चला था कि आनंद को धक्का देकर मारा है। बहन दिपीका ने भी यही कहा था कि शिवा और विशाल उसकी गरदन पकड़कर घर से ले गए थे और जब तक परिवार के लोग वहां पहुंचे, वो लहूलुहान अस्पताल पहुंच चुका था। खजराना टीआई संतोष यादव ने बताया बहन, बुआ और पिता के बयान हो चुके हैं, लेकिन धक्का देने का कारण सामने नहीं आ रहा है। इनमें से कोई भी मौके पर नहीं था। जब तक ये लोग पहुंचे आनंद अस्पताल चला गया था। परिवार ने आरोप लगाया है, इसलिए उसकी जांच चल रही है। दोनों दोस्त गायब हैं। उनके मिलने के बाद ही सच्चाई सामने आएगी। अभी पीएम रिपोर्ट में भी जानकारी साफ नहीं हुई है।

घायल महिला ने दम तोड़ा

शहर के पश्चिम इलाके में एक महिला की असमय मौत हो गई है। महिला कोल डिपो में काम करते हुए घायल हुई थी, इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। मामला छत्रीपुरा थाना क्षेत्र का हैं पुलिस के अनुसार महिला का नाम मीराबाई पति सागर है। वह महू नाका में खालसा कोल डिपो पर काम करती थी। कुछ दिन पहले काम के दौरान ही वह घायल हो गई थी। उसका अस्पताल में इलाज चल रहा था। आज सुबह उसकी मौत हो गई।

महिला की मौत में पति पर केस

इंदौर। ग्रामीण अंचल में एक महिला ने ससुराल वालों की प्रताड़ना से परेशान होकर आत्मदाह कर लिया। पुलिस ने पति सहित तीन लोगों के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज किया है। मामला हातोद थाना क्षेत्र का है। पिछले दिनों यहां मंजू चौहान नाम की महिला ने खुद पर घासलेट डालकर आग लगा ली थी। मंजू के परिवार वालों ने पुलिस को बताया कि उसका पति रवि निवासी ग्राम बगाना, ससुर रामचंद्र और सास शारदा आए दिन मंजू के साथ घरेलू बातों पर मारपीट कर उसे प्रताड़ित करते थे। इसी से वह परेशान थी। घटना वाले दिन भी आरोपियों ने उसे जमकर पीटा। आहत होकर मंजू ने खुद पर घासलेट डालकर आग लगा ली। उसके मृत्यु पूर्व बयान भी पुलिस ने दर्ज किए थे।

बैंड कारोबारी ने फांसी लगाकर जान दी

सुसाइड नोट में लिखा- मम्मी-पापा मुझे माफ करना, बेटी का अच्छे से ध्यान रखना

इंदौर। शहर में आत्महत्या के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। मंगलवार को भी एक ऐसा ही मामला छत्रीपुरा थाना क्षेत्र में आया। यहां रहने वाले बैंड कारोबारी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी उस समय लगी जब काफी देर तक बेटा बाहर नहीं आया तो मां जगाने गई। मां ने काफी देर तक दरवाजा खटखटाया, नहीं खोलने पर पति को सूचना दी। दरवाजा तोड़ा तो वह फंदे पर झूल रहा है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

पिता घनश्याम ने बताया कि मां ने उसे उठाया, लेकिन वह नहीं उठा। इस पर उन्होंने मुझे जानकारी दी। मैंने भी आकर खूब दरवाजा खटखटाया, लेकिन भीतर से कोई आवाज नहीं आई। इस पर लोगों की मदद से दरवाजा तोड़ा तो बेटा फंदे पर लटका हुआ था। पिता ने बताया कि बेटे का एक्सीडेंट हो गया था, जिससे उसके हाथ-पैर ठीक से काम नहीं कर रहे थे। इसी बात को लेकर वह परेशान था। उसने एक सुसाइड नोट छोड़ा है, जिसमें लिखा है कि मम्मी-पापा, मीनाक्षी मुझे माफ करना। बेटी का अच्छे से ख्याल रखना।

हरियाली अमावस्या पर भोलेनाथ की श्रृंगार आरती की

इंदौर। नवरत्न बाग स्थित श्री विजय मारुति हनुमान मंदिर में हरियाली अमावस्या का पर्व महंत मंगलदास महाराज खाकी की अध्यक्षता में श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया। इस मौके पर दीपक मित्तल और राधा उपाध्याय के ओर से भगवान भोलेनाथ का विशेष श्रृंगार और अभिषेक किया गया।ललित परदेसी मित्र मंडल ,पंडित अमित गौड़,सुरभि तिवारी ,कल्पना ने भोलेनाथ कि विशेष श्रृंगार आरती की । मीना राणा शाह ने बताया कि श्रावण मास में भोले - भंडारी का रोजाना रुद्राभिषेक किया जा रहा है। कोरोना काल को देखते हुए मुंह पर मास्क लगाना और सोशल डिस्टेंसिंग का पूरा ध्यान रखा जा रहा है।

लोकसेवा केंद्र में कैसे जाए दिव्यांग

जिला पंचायत के समीप निर्बाधा क्षेत्र में स्पष्ट देखी जा सकती है बाधा

इंदौर,(नप्र)। दिव्यांगों के लिए प्रवेश करने और वापस जाने के लिए शासन के निर्देश पर प्रत्येक सरकारी कार्यालय और महत्वपूर्ण स्थानों पर निबार्धा परिसर तैयार करने को कहा गया है। शासन के इस निर्देश का पालन नहीं हो रहा है तो कहीं अनदेख की जा रही है। जहां निबार्धा क्षेत्र तैयार किए गए हैं वहां की स्थिति देखने लायक है ।

जिला कलेक्टर कार्यालय में मुख्य द्वार पर दोनों ओर से बनाए गए निबार्धा क्षेत्र में बाधा स्पष्ट देखी जा सकती है । एक और पोस्टर लगाकर रोक लगा दी गई है दूसरी ओर कर्मचारी और अधिकारियों के वाहन खड़े हो जाने से दिव्यांगों के जाने के लिए जगह ही नहीं बचती है। इसी तरह जिला पंचायत के समीप स्थित जनपद लोक सेवा केंद्र में तो इस योजना को मजाक ही बना कर रख दिया गया । यहां बनाए गए निबार्धा में प्रवेश करना ही मुश्किल हो जाता है क्षेत्र में जहां वाहन खड़े किए जाते हैं व वही चारों ओर घास होने के साथ ही रपट के मुंह पर ही गदि पानी की निकासी का चेंबर बना है जो रपट से ऊंचा है । यही नहीं जहां से दिव्यांगों को प्रवेश करने का स्थान है वह दरवाजा भी बंद रहता है। इसे एक कक्ष का रूप दिया गया है जहां कई तरह के कागज और अटाला रखा गया है।

धेनू मार्केट के पास सांची पॉइंट में चोरी

रिक्शा में आए बदमाश हजारों का माल ले भागें

इंदौर। धेनू मार्केट के पास सांची पॉइंट में चोरी हो गई। बताया जाता है कि रिक्शा दुकान के पास आकर रुका और फिर गेट तोड़कर सारा सामान भरकर ले गया।

पुलिस के अनुसार आज सुबह चोरी की सूचना मिली। दुकान मालिक अजय बजाज ने बताया कि वे दुकान पर पहुंचे तो साइड का गेट खुला हुआ था। बदमाश गेट तोड़कर खाने-पीने का सामान, ओवन सहित पूरी दुकान साफ कर गए। पूछताछ में पता चला है कि रात में रिक्शा दुकान के पास में रुकी थी। रिक्शा वाले ने ही साइड का गेट तोड़ा और फिर सामान बोरे में भरकर ले गया। आसपास सीसीटीवी कैमरे लगे हुए वह उनके फुटेज निकाल रहे हैं। दुकानदार का कहना है कि पहले ही व्यापार ठीक से नहीं चलने के कारण परेशान हो रहे हैं, अब चोर ने उनकी पूंजी भी लूट ली। उधर, हेमसन कॉलोनी में एक घर में चोरी हो गई। मनोज पिता राजकुमार ने पुलिस को बताया कि बदमाश दरवाजे का नकुचा तोड़कर अंदर घुसे और वहां से ऊनी कपड़ों की पांच बोरी और पास बुक, चेक बुक चुराकर ले गए।

पड़ोसी को बचाने गए युवकों को चाकुओं से गोदा

इंदौर। बीती रात राऊ में दो लोगों को बदमाशों ने चाकू मारकर घायल कर दिया। बताया जाता है कि पडोसी को बचाने के लिए गए थे। इस पर आरोपियों ने पडोसी को तो छोड़ दिया। उन पर हमला कर दिया। इस दौरान हुई चाकूबाजी में दो को गंभीर चोट आई है। पुलिस ने घेराबंदी कर चार आरोपियों को हिरासत में ले लिया है। पुलिस ने हत्या के प्रयास का केस दर्ज कर लिया है।

पुलिस के अनुसार सोनू पिता राधेश्याम (26) निवासी हसनजी और मिश्रीलाल घायल हो गए हैं। पुलिस पूछताछ में पता चला है कि कल पड़ोस में रहने वाले दिलीप व गणेश का झगड़ा करा से हो गया था। करण ने यह बात अपने बेटे को बताई। उसने अपने रिश्तेदारों को इस वारदात के बारे में जानकारी दे दी। इस पर कुछ ही देर में वह लोग भी वहां पर पहुंच गए और दिलीप के साथ में मारपीट करने लगे थे। इस पर सोनू और मिश्रीलाल उसे बचाने के लिए गए थे। वहां पर आरोपियों से विवाद हो गया। वह झगड़ा खत्म करने के लिए कह रहे थे। इसी बात को लेकर बदमाशों ने चाकू से हमला कर दिया। सोनू और मिश्रीलाल को पेट में गंभीर चोट आई है।

पत्नी से झगड़े के बाद पी लिया सैनिटाइजर

इंदौर। लाला का बगीचा में रहने वाले एक युवक ने सैनिटाइजर पीकर आत्महत्या का प्रयास किया है। उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। बताया जाता है कि पत्नी से विवाद के बाद उसने यह कदम उठाया। पुलिस अब उसके बयान लेकर जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार राजू (45) को इलाज के लिए बड़े अस्पताल ले जाया गया था, जहां इलाज के बाद उसकी हालत ठीक है। परिजन ने बताया कि राजू कोई काम-धाम नहीं करता है। इसी बात को लेकर उसका पत्नी से विवाद होता रहता है। कल पत्नी से विवाद हुआ तो वह घर से अपने रिश्तेदार के यहां पर चली गई थी। वह उसे लेने के लिए गया, लेकिन नहीं आई। पत्नी को डराने के लिए उसने सैनिटाइजर की तीन बोतल खरीदी और पी ली। परिजन को जब इस बारे में पता चला तो वे अस्पताल ले आए। पुलिस अब उसके बयान लेकर मामले की जांच कर रही है।

बलवे का मुलजिम सहित दो पाजिटिव, संख्या 262 हुई

महू। विकासखंड में नित नए कोरोना केस सामने आ रहे है, हालांकि मंगलवार को दो ही मरीज सामने आया है। बावजूद उसके शहर से लेकर अंचल तक चिंताए बनी हुई। है।

शहर व अंचल में कोरोना अब बेकाबू है। अन लाक के बाद सतत बढ़ते मामलों ने जिम्मेदारों की नींद उड़ा दी है। जबकि स्थानीय प्रशासन से लेकर तमाम अमला लगातार फील्ड में मेहनत कर रहा है, उसके बाद भी इस महामारी का दबाव कम होने का नाम नहीं ले रहा है। अब तक 261 लोग इससे संक्रमित हो चुके है। जबकि ढाई सौ से अधिक पेडिंग रिपोर्ट आना बाकी है।

पिगडंबर व अस्थाई जेल का कैदी- जानकारी के अनुसार पिगडंबर में पूर्व में मिलेट्री हास्पिटल से सक्रमित पाए गए व्यक्ति के परिवार से ही 21 साल की युवती की रिपोर्ट भी पाजिटिव पाई गई है। वही 17 जुलाई को किशनगंज पुलिस ने टीही गांव निवासी बलवा के आरोपी को गिरफ्तार किया था, जिसे अदालत ने इंदौर अस्थाई जेल भेज दिया था, इस दौरान उसका सेंपल भी लिया गया था जिसकी आज मिली रिपोर्ट में कैदी में महामारी की पुष्टी हुई लिहाजा उसे अस्थाई जेल से रेड जोन भेजा गया है।

मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चैहान के बयान के बाद अन लाक बाजार जहां मंदी की मार साफ दिखाई दे रही है, अब शनिवार व त्यौहारों पर भी टोटल लाक टाउन का साया मंडराने लगा है। हालांकि जिला प्रशासन ने अभी इस पर कोई नया आदेश जारी नहीं किया है, लेकिन जानकारों का मानना है इस बार त्यौहार पर कई पाबंदियों के चलते फेस्टीवल सीजन बुरी तरह प्रभावित होगा। जबकि सप्ताह में दो बार कप्यू का ऐलान हुआ तो कई प्रमुख बाजारों पर खासा असर पड़ेगा। वही इस बार राखी व अन्य सामग्रियों का बाजार भी सुस्त बताया जा रहा है। सीजनल दुकानदारों ने अभी तक इसके लिए कोई खास तैयारियां नहीं की है।

फिर लाक डाउन की हलचल- मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चैहान के बयान के बाद अन लाक बाजार जहां मंदी की मार साफ दिखाई दे रही है, अब शनिवार व त्यौहारों पर भी टोटल लाक टाउन का साया मंडराने लगा है। हालांकि जिला प्रशासन ने अभी इस पर कोई नया आदेश जारी नहीं किया है, लेकिन जानकारों का मानना है इस बार त्यौहार पर कई पाबंदियों के चलते फेस्टीवल सीजन बुरी तरह प्रभावित होगा। जबकि सप्ताह में दो बार कप्यू का ऐलान हुआ तो कई प्रमुख बाजारों पर खासा असर पड़ेगा। वही इस बार राखी व अन्य सामग्रियों का बाजार भी सुस्त बताया जा रहा है। सीजनल दुकानदारों ने अभी तक इसके लिए कोई खास तैयारियां नहीं की है।

आठ हजार सात सौ पचास जुमार्ना- अन लाक के दौरान नियमों का उल्लंघन करने पर शहर से लेकर अंचल तक चालानी कार्रवाई जारी हैं। मंगलवार को भी प्रशासनिक टीमों ने सतत भ्रमण कर चालानी कार्रवाई कर आठ हजार सात सौ पचास रूपए का स्पाट फाइन वसूला।

GORANI INDUSTRIES LIMITED
Regd.Office: Plot No.32-33, Sector-F, Sanwer Road, Industrial Area, Indore - 452 015 (M.P) India
Phone: 0731-2723201-3
Fax No.: 0731-2723200
email: gorani.industries@yahoo.com
Website: www.goraniindustries.com
CIN: L28121MP1995PLC009170
GSTIN: 23AAACG8274B1Z2

NOTICE

Notice is hereby given in pursuance to Regulation 29 and 47 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations. 2015 that the meeting of the Board of Directors of the company Gorani Industries Limited will be held on Tuesday, 28 th July, 2020 to consider inter alia, the Audited Financial Results of the company for the quarter and year ended on 31st March, 2020. A copy of the said notice and audited financial results shall also be available on company's website at www.goraniindustries.com and also on Stock exchange website at www.bseindia.com

For Gorani Industries Limited
Anil Gorani
(Holding DIN: 00005540)
(Whole-Time Director)
Place: Indore
Date: 20/07/2020

नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम पूर्व में कई दस्तावेजों में **मो. जाकीर पिता मो. सिद्दीक** व कई जगह **मोहम्मद जाकीर हुसैन पिता मोहम्मद सिद्दीक हुसैन** लिखा व उपयोग किया जा रहा था , जिसे बदलकर मैंने अपना नाम **मोहम्मद जाकीर पिता मोहम्मद सिद्दीक** कर लिया है। अतः भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जावें।

मोहम्मद जाकिर
147, मदीना नगर, इन्दौर (म.प्र.)

एबी फॉस (इंडिया) लिमिटेड
CIN : L24123MP2002PLC015285
पंजीकृत कार्यालय: M-87, ट्रेड सेंटर, 18, साउथ तुकोगंज, इन्दौर-452001 (म.प्र.)
फोन: 2529488-89 ई-मेल: cs@agrophos.com
वेबसाइट: www.agrophos.com

सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि सेबी (सूचीकरण बाध्यता एवं प्रकटन आवश्यकताएं) विनियम, 2015 के विनियम 29 एवं 47 के अनुसरण में कंपनी के निदेशक मंडल की बैठक शनिवार, 25 जुलाई 2020 को कंपनी के पंजीकृत कार्यालय एम-87, ट्रेड सेंटर, 18, साउथ तुकोगंज, इन्दौर-452001 (म.प्र.) में आयोजित की जावेगी जिसमें 31 मार्च 2020 को समाप्त तिमाही एवं वर्ष के लेखापरीक्षित वित्तीय परिणाम पर विचार एवं अनुमोदन किया जायेगा।

कथित सूचना की प्रति कंपनी की वेबसाइट www.agrophos.com एवं एनएसई लिमिटेड की वेबसाइट www.nseindia.com पर भी उपलब्ध है।

हस्त./-
राज कुमार गुप्ता
प्रबंध निदेशक
DIN No. 00244925
दि. 21.07.2020
स्थान : इन्दौर

जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार गुलाब चौरसी पिता गुलाब रम्मजी जाति मुसलमान निवासी 32/3 पोलरपुरा इंदौर जिला इंदौर ने रमेश मीणा पिता लोभानलाल मीणा निवासी ग्राम बग्गड तहसील व जिला धार से अपनी मालकी व आधिपत्य व कब्जे की कृषि भूमि ग्राम बग्गड ख.नं.र. 53/99 सर्वे नंबर 66/3 रकबा 2.138 हेक्टर लगभग 13.91 रुपए की तहसील धार जिला धार से कराई विक्रय सौदा दिनांक 16.7.2020 को बिना शोकर बयाना पेटे रुपए 5,00,000/- पांच लाख रुपए आज कर सौदा पिछली लेख लिखकर दे। क्रेता पक्ष (1) एक वर्ष के अंदर शेष विक्रयपत्र भुगतान कर विक्रय पत्र का निष्पादन करना तुंहरा। चूंकि उपरोक्त भूमि पर किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था, सोसायटी आदि का किसी भी प्रकार का कोई लेन देना धार बोझ हो तो मय प्रमाण के सूचना दिनांक से 15 दिवस में मुझसे संपर्क कर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा बाद मियाद मेरा पक्षकार शेष रुपया अदा कर अपने पक्ष में रजिस्ट्री कराया लेता एवं उसके बाद किसी की कोई उजर आपत्ति या पक्षकार पर चंचलकारी नहीं होगे।

आशयें इस सूचना के द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त सूचित वाली भूमि का क्रय सौदा उक्त क्रेताओ से नहीं करें। अन्यथा सर्व संबंधित जिम्मेदार रहेंगे।

प्रेषक
मोहम्मद अफजल एडवोकेट
1/1, उदासी मार्ग धार मो. नं. 9926911080

न्यायालय तहसीलदार तहसील पंधाना जिला खंडवा

क्रमांक/क/टी.सह./2020 — पंधाना दिनांक 17.7.2020
प्र.क्र. 1836/अ-6/2019-20
ग्राम- टाकलीकला

इश्तहार

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक कुन्नीबाई पति नन्नू निवासी टाकलीकला द्वारा एक आवेदन पत्र प्रस्तुत कर ग्राम टाकलीकला स्थित भूमि ख.नं. 524 रकबा 1.06 हे. भूमि जो कि छोटू पिता मुन्ना के नाम दर्ज है। आवेदिका उक्त भूमि के खातेदार छोटू के भाई मोतीराम की पुत्री है। उक्त भूमि का नामांतरण आवेदिका द्वारा अपेक्षित दस्तावेजनामा के आधार पर स्वीकृत किये जाने बाबत निवेदन किया है। उक्त भूमि का नामांतरण किया जाना प्रस्तावित है।

यदि किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति मंशा हो तो वह अपनी आपत्ति लिखित रूप से नियत दिनांक 7.8.2020 को कार्यालयीन समय में अपोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत करें समयावधि पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

जारी दिनांक- 17.7.2020
पेशी दिनांक- 7.8.2020

तहसीलदार
पंधाना

RAJRATAN OUTPERFORM INDIA | THAILAND

RAJRATAN GLOBAL WIRE LIMITED www.rajratan.co.in
Regd. Office: Rajratan House, 11/2, Meera Path, Dhenu Market, Indore-452003, MP, India. Tel.: +91-731-2546401
Email: investor.cell@rajratan.co.in CIN No. L27106MP1988PLC004778

30 जून, 2020 को समाप्त तिमाही हेतु वित्तीय परिणामों का विष्कर्ष

(रु. लाख में)

क्रं.	विवरण	समेकित			पृथक्कृत		
		समाप्त तिमाही 30.06.2020 गैर लेखा परिक्षित	समाप्त तिमाही 30.06.2019 गैर लेखा परिक्षित	वर्ष समाप्ति 31.03.2020 लेखा परिक्षित	समाप्त तिमाही 30.06.2020 गैर लेखा परिक्षित	समाप्त तिमाही 30.06.2019 गैर लेखा परिक्षित	वर्ष समाप्ति 31.03.2020 लेखा परिक्षित
1.	प्रचालनों से कुल आय (शुद्ध)	6536	13097	48138	3292	8693	28777
2.	शुद्ध लाभ कर, अपवाद तथा असाधरण मदों से पहले	201	1325	4371	68	1019	3279
3.	शुद्ध लाभ कर से पहले तथा अपवाद एवं असाधरण मदों के बाद	201	1325	4371	68	1019	3279
4.	शुद्ध लाभ कर अपवाद एवं असाधरण मदों के बाद	165	985	3304	45	722	2310
5.	कुल व्यापक आय	494	1088	3457	32	719	2258
6.	इक्विटी शेयर पूंजी	1015	435	1015	1015	435	1015
7.	संचेय (पुर्नमूल्यन संचय छोड़कर जैसा कि पूर्व वर्ष के लेखा परिक्षित तुलनपत्र में दर्शित है।)	-	-	15920	-	-	13354
8.	प्रति शेयर अर्जन. (रू. 10 प्रत्येक का) 1.मूल	1.62	9.70	32.54	0.45	7.11	22.75
	2. तनुकृत	1.62	9.70	32.54	0.45	7.11	22.75

नोट: 1. उपरोक्त विवरण सेबी (सूचीयन दायित्व एवं प्रकटन अपेक्षाएं) विनियामली 2015 के विनियम 33 के तहत स्टॉक ऐक्सचेंज में प्रस्तुत किए गए तिमाही के वित्तीय परिणामों का सारचित रुप है। समाप्त तिमाही के वित्तीय परिणामों का पूर्व विवरण स्टॉक ऐक्सचेंजेस की वेबसाईट www.bseindia.com एवं www.nseindia.com और कंपनी की वेबसाईट www.rajratan.co.in पर उपलब्ध है।

2. कंपनी ने 58,02,400 पूर्णत: चुकता बोनस शेयर, 4:3 के अनुपात में (चार बोनस शेयर, प्रत्येक रू. 10 का, तीन शेयरों के लिए) दिनांक 14.09.2019 को आबंटित किए। कंपनी के अंशधारकों ने इस आबंटन को पोस्टल बैलट के माध्यम से दिनांक 28.08.2019 को अनुमोदित किया; परिणामस्वरूप प्रति शेयर अर्जन (मूल एवं तनुकृत) दोनों ही, भारतीय लेखा मानकों के मानक 35 के पैरा 64 के माध्यम से समायोजित किए गए है।

बोर्ड की आज्ञानुसार
सुनील घोरड़िया
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
DIN-00144786

स्थान : इन्दौर, दिनांक : 21.07.2020